तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 6 मई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 योजनाओं का वास्तविक लाभ लेने आमजन को जागरूक..





14 कांकेर जिला में अखण्ड ज्योति रथयात्रा, 31 दिन में 350...




## खबर संक्षेप

### हफ्तेभर में फुलेश्वरी को मिला मनरेगा जॉब कार्ड

**कांकेर।** जनपद पंचायत कांकेर की ग्राम पंचायत बेवरती में



समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंची फुलेश्वरी जैन ने बताया कि उन्हें शिविर स्थल में तत्काल मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर वितरित किया गया। मौके पर ही मनरेगा जॉब कार्ड पाकर गद्गद् फुलेश्वरी ने कहा कि उम्मीद से जल्दी उन्हें जॉब कार्ड मिल गया। उन्होंने बताया कि जॉब कार्ड के अभाव में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। जॉब कार्ड बन जाने से सभी समस्याएं खत्म हो जाएगी।

### तीन साल के बच्चे की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**कांकेर।** परतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीव्ही पीव्ही 71 निवासी तीन वर्षीय हिमेष दास पिता रतन दास की ईलाज के दौरान सिविल अस्पताल पखांजुर में मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शेष पेज 12

## दबंगई : रेत तस्करों के हौसले बुलंद, कार्वाई होने के बाद भी कर रहे उत्खनन

# अवैध रेत खदान में जब्त 16 चैन माउंटेन से लाखों की होगी वसूली, खनिज विभाग ने तैयार किए प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ सराधुनवागांव में रात को पहुंचते है हाईवा, अवैध रुप से डंप रेत से होती है तस्करी

जिले के चारामा में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल पर विराम आज तक नहीं लग पा रहा है। तांसी क्षेत्र से अवैध रेत उत्खनन करके बालौद जिले के पोंड की तरफ से हाईवा निकल रही है। खनिज विभाग का कहना है कि दो माह में 16 चैन माउंटेन को जब्त किया गया है और उससे लाखों का जुर्माना वसूला जाएगा। जानकारी के अनुसार चारामा में रात 12 बजे अवैध रेत उत्खनन का खेल चल रहा है, वहीं खनिज विभाग और एसडीएम लगातार कार्रवाई भी कर रहे है। दो माह में 16 चैन माउंटेन को जप्त किया गया है, जिससे लाखों की जुर्माना वसूला जा रहा है। इसके बाद भी अवैध उत्खनन व परिवहन पर रोक नहीं लग पा रहा है। सराधुनवागांव में कुछ रेत तस्कर दिनभर ट्रैक्टर से रेत को एक जगह डंप करते है। रात को 12 बजे के बाद हाईवा में जेसीबी से भरकर रेत को बेचते हैं।

सराधुनवागांव में रेत तस्कर की यह तरीका जगजाहिर है, परंतु इस पर आज तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हो पाई है। यहाँ से प्रतिदिन 10 से 20 हाईवा की रेत तस्करी होती रहती है। इसके अलावा भिलाई खदान से भी रेत निकाली जा रही है। इसके अलावा तांसी से अवैध उत्खनन करके और नदी से ही जाने का मार्ग बनाकर हाईवा नदी से होते हुए बालोद जिले के पोंड निकल रही है। इन वाहनों और अवैध उत्खनन पर लगी चैन माउंटेन पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उसका बड़ा कारण यह है कि अवैध उत्खनन स्थल पर जाने के लिए अधिकारियों को पोंड होकर जाना पड़ेगा, जो बालोद जिले में आता है।




### रेत तस्कर रात में करते हैं जागरण

चारामा क्षेत्र के कई गांव में रेत तस्कर सक्रिय है और रात में जागरण करते हैं। शुक्रवार को अधिकारियों के जाने की जानकारी मिलने पर रेत तस्कर चैन माउंटेन लगाकर शुक्रवार, शनिवार और रविवार को रेत की तस्करी रातभर करते है। भुईगांव, टाहकांपार, सराधुनवागांव, भिरौद, भिलाई ईलाके से रेत निकालने की बात गाँव वाले बताते रहते है। खनिज विभाग और एसडीएम को जब पुख्ता जानकारी मिलती है, तभी कार्रवाई के लिए सामने आते है।

### 16 चैन माउंटेन पर चल रही है कार्रवाई

जिला खनिज अधिकारी सनत साहू ने बताया कि मचांदुर खदान से 03, हाराडुला खदान से 02, किलेपार खदान से 01, अरौद खदान से 01, नगर पंचायत चारामा रेत खदान से 01, माहुद रेत खदान से 01, भिलाई रेत खदान से 02, तेलगुड़ा रेत खदान से 02, कंडेल रेत खदान से 02 और टांहकापार रेत खदान से 01 चैन माउंटेन को जप्त किया गया था और इन चैन माउंटेन पर कार्रवाई की जा रही है। इन पर लाखों का जुर्माना लगना तय है।

### संरक्षण में चल रहा रेत तस्करी का खेल

चारामा क्षेत्र में अवैध रेत के उत्खनन और परिवहन का खेल नेताओं के संरक्षण में चल रहा है। कांग्रेस के एक नेता ने कई रेत तस्करों से खदान चालू करवाने के नाम पर लाखों रुपए एडवांस में ले लिया है। यह कांग्रेस नेता एक विधायक के पास माथा टेक चुका है, परंतु अभी तक हरी झंडी नहीं मिली है। खदान चालू करवाने के नाम पर चारामा के कई स्वंयभू लाखों रुपए जिले के बाहर के रेत तस्करों से खदान एडवांस में ले चुके है। खदान चालू नहीं होने पर यह रेत तस्कर किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# अंचल में अगले 48 घंटे ऐसा ही रहेगा मौसम, उसके बाद 2 से 3 डिग्री चढ़ेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और वेस्टर्न डिस्टरबेंस से बिगड़े हुए मौसम का हाल अगले दो दिन ऐसा ही रहेगा। अगले 48 घंटे कांकेर अंचल में मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद अगले एक से दो दिनों में अंचल के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है, जिससे गर्मी बढ़ेगी। उसके बाद तापमान में अधिक बदलाव नहीं होगा।

कई दिनों से लगातार अंधड़ तूफान के चलते कई नुकसान भी देखने को मिल रहे है। जिलेभर में पिछले तीन से चार दिनों में बिजली सप्लाई कई दफा प्रभावित हुई है, वहीं इस अघंड़ का असर खेती में भी दिखा है। तेज हवाएं चलने से खेतों में लगी फसले भी खराब हुई है। इसके साथ ही मौसम में उतार चढ़ाव के दौर बने रहने की वजह से बड़ी संख्या में लोग वायरल के चपेट में भी आ रहे है। खासकर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग अधिक परेशान है। जिले के कई ईलाके की गर्मी की धान की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई है और किसान बेहद चितिंत होकर मुआवजे की माँग करने लगे है। अंधड़ और तूफान से सबसे ज्यादा किसान परेशान हुआ है, परंतु उनकी सुनवाई अभी नहीं हो पा रही है। किसान मीडिया के माध्यम से मुआवजा की लगातार गुहार लगा रहे है।

### ऐसा रहेगा मौसम

एक उत्तर दक्षिण ढोणिका मध्य उत्तर प्रदेश से दक्षिण तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिले में एक से दो दिनों में हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छोटे पड़ने की संभावना है। गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।

# सार्वजनिक स्थल पर शराब पीना महंगा पड़ा, आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हो हल्ला करने वालों की जानकारी मिलने पर पखांजुर थाना की पेट्रोलिंग टीम ने निरीक्षण किया और दो व्यक्ति नशे के हालत में मिले। दोनो व्यक्ति का ब्रीथ एनालाईजर मशीन से शराब की जांच की गई और शराब पीना पाया गया। पुलिस ने दोनो युवकों के खिलाफ कार्यवाही किया है। जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान पखांजुर मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ व्यक्ति अंग्रेजी शराब दुकान के पास पीव्ही 55 रोड किनारे सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब सेवन कर हो हल्ला कर रहे है। मौके पर गज्जू नरेटी पिता मनकू नरेटी उम्र 23 वर्ष ग्राम पालनदी थाना बांदे निवासी मिला और इसके मुंह से शराब की गंध आ रही थी, जो शराब की बोतल, डिस्पोजल, चखना को पास के झाड़ी में फेंक दिए थे। आरोपी को थाना पखांजूर लेकर आए और शराब मुलाहिजा के लिए ब्रीथ एनालाईजर मशीन से टेस्ट किया गया। आरोपी का कृत्य सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करना धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके अलावा इसी ईलाके में जाँच में एक व्यक्ति पकड़ाया, जोकौशल उयके पिता केजूराम उयके उम्र 30 वर्ष साकिन खैरकट्टा थाना पखांजूर का निवासी है। इसके मुँह से शराब की गंध आ रही थी। आरोपी का शराब मुलाहिजा के लिए ब्रीथ एनालाईजर मशीन से टेस्ट किया गया और शराब पीना पाया गया। आरोपी का कृत्य सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करना धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### स्वरोजगार के लिए ऋण प्राप्त करने 30 मई तक मौका

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 30 मई तक आवेदन करने का मौका दिया है। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रदाय किया जाएगा।

# स्टाफ नर्स पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पंडरीपानी में अधेड़ ने स्टाफ नर्स के ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया

■ न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल


और उसकी दोपहिया वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। स्टाफ नर्स की पति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि 4 मई को शिकायतकर्ता 54 वर्षीय मुकेश दुबे पिता स्व. तिलक दुबे ने पुलिस को बताया कि 4 मई की शाम को लगभग साढ़े 2 बजे के आसपास मेरे घर के पीछे रहने वाला संजय पांडे पिता गया प्रसाद पांडे मेरे घर का गेट खोलकर अंदर आया। घर के अंदर आकर गाली देते हुए मेरी पत्नि कामिनी दुबे को अपने हाथ मे रखे डंडे से मारपीट करने लगा। उस समय में दूसरे कमरे मे सोया हुआ था। शोरगुल की आवाज सुनकर उठा और बीच बचाव करने लगा। आरोपी ने मुझे भी गाली गलौच करते हुए कहने लगा कि तुझे भी जान से मार दूंगा बोलते हुए घर के अंदर से भाग गया। घर से भागते समय मेरी दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहन को डंडे से मारकर तोड़फोड़ किया है। आरोपी के द्वारा मारपीट करने से मेरी पत्नि के हाथ, कमर एंव सिर में गंभीर चोट आया है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी का कृत्य धारा 117, 115 (2), 351 (5), 324 (4), 117 (2), 296 बीएनएस का घटित होना पाए जाने से उक्त प्रकरण में पीडितों का मुलाहिजा कराया गया। मुलाहिजा के आधार पर हत्या के प्रयास में धारा 109 बीएनएस जोड़ी गई। गिरफ्तारी का कारण बताकर आरोपी को 5 मई को दोपहर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### इनका रहा योगदान

आरोपी के गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, एएसआई सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक कौशल साहू एवं फकिर सिन्हा, आरक्षक अरूण मंडावी एवं संतोष मरकाम का योगदान रहा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोटपारा व पेड़ावारी के बीच राईस मिल के पास अज्ञात वाहन चालक ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 7004 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसमें मोटर सायकल चालक की मौत हो गई। भानुप्रातपपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। भानुप्रातपपुर थाना पहुँचे रविन्द्र मंडावी, मंशाराम मंडावी, परदेशी मंडावी, सनऊ राम मंडावी, आशीष मंडावी ने भानुप्रतापपुर पुलिस को बताया कि मृतक रजमन सिंह मंडावी पिता जगदू राम मंडावी उम्र 41 वर्ष साकिन आमापारा शिवनी चौकी कच्चे थाना भानुप्रतापपुर जो निजी काम से अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 7004 में सवार होकर तरहूल गांव जाने के लिए निकला था। हम लोगों को रात को शेष पेज 12 पर






## भानुप्रतापपुर में जिला स्तरीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन

# कन्याओं ने संस्कृति की रक्षा करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ गायत्री महामंत्र एवं यज्ञ के ज्ञान विज्ञान की व्याख्या की



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिपूर्ण हरिद्वार के तत्वाधान में क्रांति जागरण आंदोलन के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन भानु प्रतापपुर में हुआ, जिसमें कन्याओं की आंतरिक प्रतिभा और कला कौशल सृजनशील क्षमताओं के जागरण करने का प्रयास पांच दिनों में किया गया। शिविर जिले के सभी विकासखंड से1 00 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि निखिल सिंह राठौर ने कहा कि सप्त क्रांतियों के माध्यम से देश ही नहीं, विदेशों में भी भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से कर रहा है। प्रांतीय नारी जागरण प्रमुख कुंती साहू ने कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने 21 वीं सदी नारी सदी की उद्घोषणा किया था। नारियों को अबला से सशक्त और जागरूक बनाकर उनकी जननी से निर्मात्री की भूमिका के निर्वहन करने, कन्याओं की अन्तश्चेतना को जागृत कर उन्हें देश एवं समाज के उत्थान में लगना कन्या कौशल शिविर का प्रमुख उद्देश्य है। विशिष्ट अतिथियों में नरोत्तम चौहान एवं अनंत गोपाल कोठारी ने भी सभ्यता और संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित करने में अहम भूमिका रहती है ऐसे शिविर के आयोजन से कन्याओं की कौशल प्रतिभा एवं नैतिक मूल्यों का जागरण होता है। पांच दिवसीय शिविर में 21 वीं सदी नारी सदी पर चर्चा किया गया। शिविर के अंतिम दिन पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने गायत्री मंत्र से आहुतियां दी। गायत्री महामंत्र एवं यज्ञ के ज्ञान विज्ञान पर सारगर्भित व्याख्या की गई। यज्ञ में 22 कन्याओं ने गुरू दीक्षा लिया। 6 ने मांसाहार त्याग करने एवं नशा त्याग का संकल्प लिया। 8 स्वाध्याय मण्डल ,1 महिला मण्डल के संकल्प लिए गए। शिविर को सफल बनाने वाले हरीश लोचन ठाकुर, योगेश्वर सिन्हा , शंभूनाथ दर्रो,दीप्ति पवार, पवार, अंजू ध्रुव, श्रीमती मान नाग, भावना सिन्हा, शांति पटेल, चंद्रकला साहू, मंजू सेन, चित्रांगदा दर्रो, चेतन चौहान व कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। मंच संचालन डॉ. अशोक कुमार नाग ने किया।

### शिविरार्थियों ने अनुभव को किया साझा

शिविरार्थियों के अनुभव साझा करते हुए तनीषा साहू नरहरपुर ने कहा कि ऐसे शिविर का आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए । पूजा महावीर ने बताया कि यहां की दिनचर्या शुरूआत में में थोड़ी कठिन लगी, बाद में हमें प्रेरणादायक लगा। हिमाद्रि महावीर कोड़ेजुंगा ने बताया कि शिविर में भाग लेकर आदर्श दिनचर्या के सूत्र ने मुझे काफी कुछ सीखने की प्रेरणा मिली।

खबर संक्षेप

## केंद्रीय विद्यालय कक्षा 5 वीं मे जिले मे दूसरे स्थान पर आई तनुश्री पटेल



**कोण्डागांव।** शिक्षण सत्र 2024–25 में केंद्रीय विद्यालय 5 वीं परीक्षा परिणाम घोषित हों चुका है जिसमे कोंडागांव जिले के ग्राम अड़ेगा निवासी लीलाराम पटेल श्रीमती उमेश्वरी पटेल की पुत्री तनुश्री पटेल ने 96.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। तनुश्री के प्राप्त परीक्षा परिणाम देखकर माता पिता ग्रामीणों के साथ सामाजिक जनों ने हर्ष जाहिर करते शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्वल भविष्य की कामना किया है। तनुश्री के माता पिता दोनों ही पेशे से शिक्षक हैं।

## उपमुख्यमंत्री को दी गई नगर निगम के बजट की कॉपी



**जगदलपुर।** जगदलपुर नगर निगम की 2025-26 की बजट की प्रति नगरीय निकाय मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव को महापौर संजय पांडेय ने भेंट की। इस मौके पर सभापति खेम सिंह देवांगन एवं एमआईसी सदस्यगण योगेंद्र पांडेय,निर्मल पानीग्राही,लक्ष्मण झा,राणा घोस, संग्राम सिंह राणा,त्रिवेणी रंधारी, स्वेता बघेल मौजूद थे।

## खालेवेदी निवासी झिरिया का पानी पीने को मजबूर



केसकाल। केसकाल ब्लॉक के पहुंच विहीन जंगल गांव खाले वेदी के ग्रामीण जनों के सामने शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या है। समय समय पर इन समस्याओं को शासन प्रशासन के अधिकारियों के सामने उठाया जाता रहा है, फिर भी यहां के ग्रामीण पानी के लिए झिरिया का सहारा लेने को विवश है। लेकिन मामले में जिम्मेदार मौन हैं।

## मरार समाज के सम्मेलन में शामिल हुए विधायक



**केशकाल।** धनोरा मंडल के ग्राम तोड़ासी में आयोजित मरार समाज के संभाग स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम जी ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में उनके साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदनी पोटाई जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक एकता, जागरूकता और संगठनात्मक सशक्तिकरण के उद्देश्य से किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## महापौर की कथनी और करनी में अंतर : राय



**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम के पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर महापौर संजय पांडे को डींगे हांकने वाला महापौर कहा है। महापौर की कथनी और करनी में भी बड़ा अंतर है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एक तरफ वे कह रहे हैं धार्मिक और शोक काम में उपयोग हेतु पानी के टैकर निगम मुफ्त देगी। वहीं दूसरी ओर कंडीशन एप्लाई करते हुए टैकर यदि खड़े किया गया तो शुल्क लेने की बात कर रहे हैं। मुफ्त पानी देने का ढिंढोरा पीटकर जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं।


# 5 हजार फीट ऊंचे करेंगुट्टा पहाड़ में टॉप नक्सलियों को घेरने फोर्स बढ़ रही आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के उसूर ब्लाक से लगे छग-तेलंगाना की सरहद स्थित 5 हजार फीट की उंची करेंगुट्टा की पहाड़ियों को घेरने फोर्स लगातार आगे बढ़ रही है। हजारों जवान करेंगुट्टा पहाड़ के आसपास प्लांट किए गए सैकड़ों आईईडी को निष्क्रिय करते हुए नक्सलियों की घेराबंदी कर रही है। बताया जा रहा है कि आगामी कुछ दिन में पहाड़ी पर मौजूद नक्सल संगठन के टॉप लीडर्स समेत सैकड़ों नक्सलियों व सुरक्षाबलों के बीच निर्णायक लड़ाई हो सकती है।

गौरतलब है कि नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल आपरेशन का यह 14 वां दिन है। इससे पूर्व नक्सलियों को खदेड़कर फोर्स धोबे व नीलम सराय की पहाड़ी पर कब्जा कर तिरंगा लहरा चुके है। अब नक्सलियों के साथ अंतिम युद्ध करेंगुट्टा की पहाड़ी पर होनी है जहां नक्सलियों के टॉप लीडर मौजूद है। करेंगुट्टा की चारों ओर से की गई घेराबंदी के चलते नक्सली अपना ठिकाना छोड़कर भाग भी नहीं पा रहे है। यही वजह है कि सुरक्षाबलों के जवान लगातार की गई घेराबंदी को छोटा किया जा रहा है। पिछले 14 दिन से चल रहे सबसे बढ़े आपरेशन में शामिल जवानों को लगातार बदलकर उनके स्थान पर रिजर्व फोर्स को भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों के हजारों जवानों ने करेंगुट्टा पहाड़ी को चारों ओर से घेर रखा है। इसके लिए झारखंड से भी सीआरपीएफ की टीम को बुलाकर तैनाती की गई है। जवानों के लिए भोजन, पानी व आवश्यक सामग्री पहुंचाने का काम वायुसेना के हेलीकाप्टर की मदद से की जा रही है।

**सैकड़ों आईईडी किया निष्क्रिय और नक्सलियों को घेरा जा रहा**



### शांति वार्ता व युद्ध विराम की वकालत कर रहे साउथ के संगठन भी हुए शांत

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सबसे बड़े ऑपरेशन को रोककर शांतिवार्ता व युद्धविराम की मांग करते हुए तेलंगाना और आंध्र से शुरू की गई मुहिम अब शांत पड़ गई है। माना जा रहा है कि, केंद्र और छग सरकार के सख्त रुख के चलते वहां के संगठनों के नेताओं ने अब इस दिशा में पहल करनी छोड़ दी है। छग के कांग्रेस नेता भी अब फोर्स के संकल्प अभियान को लेकर सरकार के साथ नजर आ रहे है। हाल ही में कांग्रेस के बड़े लीडर की गृहमंत्री विजय शर्मा से चर्चा हुई थी। उन्होंने सरकार के मुहिम की तारीफ करते हुए अभियान को समर्थन दिया था।

## नए सचिव की पदस्थापना के लिए पंचों ने जनपद सीईओ को सौंपा आवेदन

# भूमका में पंचों ने उठाई नए सचिव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

फरसगांव ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भूमका के पंचों ने सोमवार को पंचायत को नए सचिव की पदस्थापना करने हेतु जनपद सीईओ को आवेदन सौंपा। पंचों ने आरोप लगाया है कि वर्तमान पंचायत सचिव मंगलराम नेताम विगत दस वर्षों से कार्यरत हैं। शासन की किसी योजना की जानकारी सचिव के द्वारा नहीं दिया जाता है और ना ही कोई शासकीय कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों को नहीं बुलाया जाता है। जिससे आम जनता को बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

■ वर्तमान सचिव पर शासन की योजनाओं की जानकारी नहीं देने का लगाया आरोप

दुर्भाग्य की बात है कि यहां जी.पी. डी. वार्षिक कार्य योजना बनाने के लिए ग्राम सभा कि बैठक होती है। परंतु हमारे गाम पंचायत भूमका में वर्तमान सरपंच एवं सचिव की मिलीभगत से इस वित्तीय वर्ष का ग्रामसभा भी आयोजन नहीं हुआ। जबकि ग्रामसभा के आयोजन के लिए आदेश जारी हुआ था। अप्रैल माह 2025 में नवीन वित्तीय वर्ष की कार्य योजना बनाना होता है, इस माह ग्रामसभा का आयोजन नहीं हो पाया। सचिव किसी शासकीय कार्य को तत्परता से करने में असमर्थ है। सचिव की अनुपस्थिति में सरपंच करता है सचिव का हस्ताक्षर यह आरोप पंचों ने लगाया है।पंचों का यह कहना सचिव की अनुपस्थिति में पूर्व सरपंच एवं वर्तमान सरपंच ग्राम पंचायत भूमका रामभरोस कुंवर के द्वारा सचिव का हस्ताक्षर कर कार्य सम्पादित कर दिया जाता है। भविष्य में ऐसी आशंका है कि कोई भी गलत कार्य को ऐसा फर्जी हस्ताक्षर कर शासन की योजनाओं का बंदरबाट किया जा सकता है, इसलिए ग्राम पंचायत भूमका में सभी शासकीय कार्य नियमानुकूल एवं पारदर्शी ढंग से हो।



### चिंगानार पंचायत सचिव को भूमका में पदस्थ करने की मांग

ग्राम पंचायत भूमका के विकास के लिए कुंवरसिंह देहारी जो कि वर्तमान में ग्राम पंचायत चिंगनार में पदस्थ है, उसको ग्राम पंचायत भूमका में पदस्थ करवाये और ग्राम पंचायत भूमका के सचिव मंगलराम नेताम को किसी दूसरे ग्राम पंचायत में पदांकित किया जावे. एवं ग्राम पंचायत भूमका में कुंवरहि देहारी सचिव ग्रा.पं. चिंगनार को पदांकित पंचों ने ज्ञापन दिया। इस दौरान उप सरपंच जानकी बाई तिवारी, वार्ड पंच मुकेश भण्डारी, बैसाखूराम मण्डावी, हिरोबाई राना, भुनेश्वरी कुंवर, सुभाष निषाद, संगीता निषाद, टीकेश्वरी कुंपर, ग्राम पटेल दौलत कुवर, ग्रामवासी नारायण तिवारी, मिलनसिंह चनाप, दुष्यंत मण्डावी, रेवतमल कुंवर, ललीत कुंवर, महेश देहारी उपस्थित रहे।

## 22 हजार नकद समेत 6 लाख की सामग्री बरामद, 6 जुआरी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** माकड़ी पुलिस ने जुआ–सट्टा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक श्री वायएस अक्षय कुमार के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत थाना माकड़ी क्षेत्र से 6 आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।

आरोपियों के कब्जे से 21500 रुपये नकद, 4 मोटरसाइकिल और 2 कार भी जब्त की गई हैं। जब्त की गई मोटरसाइकिलों की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख रुपये और कारों की कीमत लगभग 8 लाख रुपये आंकी गई है। कुल मिलाकर 9 लाख 21500 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई दिनांक 4 मई 2024 को साइबर सेल एवं थाना माकड़ी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। रमेश मण्डावी पिता सुखदार नेताम उम्र 48 वर्ष, नीरज मण्डावी पिता मर्सको मण्डावी उम्र 36 वर्ष, अशलसाय मण्डावी पिता अंधराम राम उम्र 42 वर्ष, मानसाय पिता स्व. सोनालस राम उम्र 48 वर्ष, लक्ष्मीनाथ दिवान पिता तुलाराम दिवान उम्र 27 वर्ष, जयलाल नेताम पिता स्व. फूलसिंग नेताम उम्र 27 वर्ष। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ निषेध अधिनियम 2022 की धारा 3, 4 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।



**इनका रहा योगदान** – इस पूरी कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक सतीश बाघमार, थाना प्रभारी अजय बघेल, अजय देवांगन, किर्तन मण्डावी, चंदन यादव सहित पुलिस टीम के सदस्यों, राकेश जुर्री, राजू पानीग्राही, हेमलाल रावटे का सराहनीय योगदान रहा। कोण्डागांव पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे जुआ–सट्टा जैसे सामाजिक अपराधों से दूर रहें और यदि उनके आस–पास इस प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधि हो तो पुलिस को तुरंत सूचित करें।

## 8 गांवो में समाधान शिविर कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के निर्देशानुसार कोंडागांव कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में फरसगांव ब्लॉक के 08 गांवो में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

■ 30 मई तक चलेगा समाधान शिविर

समाधान शिविर का शुभारंभ 07 मई को ग्राम देवगांव से किया जाएगा। देवगांव के हायर सेकेण्डरी स्कूल में यह शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें फुण्डेर, बाड़ागांव, बडेओड़ागांव, चनियागांव, देवगांव, जामगांव, बंजोड़ा, छिन्दलीबेड़ा, गवाड़ी के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह 10 मई को कोनगुड़ ने हायर सेकेण्डरी स्कूल में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बोकराबेड़ा, हाटचपई, कोकोड़ाजुगानार, परोदा, कोनगुड़, बड़गई, मोदे, कन्हारगांव, मोदेबेड़मा, उरन्दाबेड़ा, आमगांव में ग्रामीण शामिल होंगे। 13 मई को बडेडोंगर बाजार स्थल में लगेगा शिविर, जिसमें चांदाबेड़ा, छिन्दली, बडेडोंगर, गोड़मा, कोरई, तोरण्ड, मोहपाल, बंगोलीबनचपई, कोटपाड़, खण्डसरा, मांदागांव के ग्रामीण शामिल होंगे। 16 मई को चिंगनार बाजार स्थल में लगेगा शिविर। जिसमें भोंगापाल, झाकरी, पावड़ा, पलना, चिंगनार, कसईफरसगांव, मैनपुर, मोडेंगा के ग्रामीण शामिल होंगे। 20 मई को हायर सेकेण्डरी स्कूल लंजोड़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लंजोड़ा, सिरपुर, सोड़मा, कुम्हारबड़गांव, सिरसीकलार, कबोंगा, कोसागांव, जैतपुरी के ग्रामीण शामिल होंगे। 23 मई को हायर सेकेण्डरी स्कूल जुगानीकलार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जुगानीकलार, चुरेगांव, भानपुरी, चांदागांव, कुल्हाड़गांव, भण्डारसिवनी, मोहलई, चरकई गांव के ग्रामीण शामिल होंगे। 27 मई को माध्यमिक शाला पतोड़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा,जिसमें भण्डारवण्डी, शंकरपुर, आलोर, झाटीबन, मांझीआठगांव चिचाड़ी, बानगांव, पतोड़ा, कोर्राबड़गांव के ग्रामीण शामिल होंगे। 30 मई को हायर सेकेण्डरी स्कूल बोरगांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गटटीपलना, सिंगारपुरी, हिरी, भुमका, बोरगांव पश्चिम, बोरगांव पूर्वी, पाण्डेआठगांव, फुपगांव के ग्रामीण शामिल होंगे। आयोजित समाधान शिविर में आम जनता के समस्यों, मांगों शिकायातों के आवेदन प्राप्त एवं निराकरण किया जावेगा।




## राधे श्याम नेताम बने पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौहान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव की उपस्थिति में कोंडागांव जिले के सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी श्री राधे श्याम नेताम को हल्बा समाज द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में सर्वसम्मति से संघ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, जिला सचिव सहित बडी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिले के नवपदस्थ उप संचालक डॉ. एम. बी. सिंह का भी आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नेताम को सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों सहित जिले व प्रदेशभर से शुभकामनाएं व बधाइयाँ प्राप्त हुईं। समारोह में प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, फेडरेशन के जिलासंयोजक आर. डी. तिवारी, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, बस्तर जिलाध्यक्ष राकेश दूबे, महामंत्री मुकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र धृतलहरे, संगठन सचिव प्रेमसिंह ठाकुर, नारायणपुर जिलाध्यक्ष माखनलाल पात्र सहित कई जिलों से आए पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



ये रहे उपस्थित – इस अवसर पर भवनसिंह राना, मालती नेताम, एम. एल. चुरेंद्र, एम. एस. ध्रुव, राम नेताम, दिनेश नेताम, सी. के. कौशिक, वारीश नंद, महेश नाग, सुभद्रा मरकाम, गौकुमारी कोर्राम, भोला ठाकुर, डी. के. कुलदीप, डी. पी. साहू, धीरेंद्र नाग, जितेन्द्र पैकरा सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की सीनियर इकाई द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर सहित आसपास के क्षेत्रें में स्वच्छता बनाए रखना और विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इस अवसर पर रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों ने मिलकर कॉलेज परिसर की सफाई की, प्लास्टिक कचरा हटाया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने रैली निकालकर स्वच्छता पर आधारित नारे लगाए और पोस्टरों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पटेल ने कहा, स्वच्छता हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा है और युवा वर्ग को इसमें नेतृत्व करना चाहिए। रेड क्रॉस सोसाइटी का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। संयोजक शशिभूषण कन्नौजे ने जानकारी दी कि यह अभियान विश्व रेड क्रॉस दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया है। आने वाले समय में रक्तदान शिविर सहित विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे कोण्डागांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।



## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा सोमवार को स्किल एनहांसमेंट कोर्स (एसीसी) के अंतर्गत ग्रीन केमिस्ट्री तथा बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल्स विषयों पर आधारित दो अलग-अलग शैक्षणिक भ्रमण किए गए। ग्रीन केमिस्ट्री विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों ने हेलीवाल कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड का का भ्रमण किया। जिसकी भंडारण क्षमता 12,000 टन है, और यह अमोनिया गैस संयंत्र पर आधारित है। इस कोल्ड स्टोरेज के सभी चेंबर पूर्णतः इंसुलेटेड हैं, जिससे वायु का आदान-प्रदान नहीं होता और भंडारित सामग्री लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। यहां इमली, महुआ, लाल मिर्च एवं गुड़ जैसे पारंपरिक उत्पादों का संग्रहण किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल भंडारण और रसायन विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई।

वहीं, बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल्स के अंतर्गत विद्यार्थियों ने राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन विभाग का भ्रमण किया। जहां उन्हें मल्टीमीटर, वोल्टमीटर, एम्पीयरमीटर, सोल्डरिंग आयरन, वायर स्ट्रिपर, पीसीबी टेस्टिंग उपकरण आदि के उपयोग की जानकारी दी गई। विभागीय शिक्षकों द्वारा विद्युत उपकरणों की मरम्मत, परीक्षण तथा पुनः संयोजन की विधियां प्रदर्शित की गईं और विद्युत सुरक्षा के उपायों को भी समझाया गया।

## 3500 स्कूलों में प्राचार्य पद रिक्त, शिक्षा गुणवत्ता पर असर

# राज्य सरकार से नए छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती व पदोन्नति नियम 2025 बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

शिक्षा विभाग में शिक्षक समुदाय तथा विभिन्न शिक्षक संवर्गों के बीच विवादों को जन्म देने वाले 2019 के भर्ती एवं पदोन्नति नियम को बदल कर नये नियम बनाने के लिए व्यापक पैमाने पर समर्थन अभियान शुरू हुआ।

छत्तीसगढ़ राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक समुदाय तथा विभिन्न शिक्षक संवर्गों के बीच आये दिन विवादों को जन्म देने वाले छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2019 को बदल कर नये छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2025 को बनाने की मांग प्रख्यात शिक्षाविद सतीश प्रकाश सिंह ने राज्य सरकार से की हैं। जिसका कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला सह संयोजक लोकेश गायकवाड़ ने समर्थन किया हैं..

■ 2013 से नहीं हुई पदोन्नति, शिक्षकों में गहराया असंतोष



गौरतलब हैं कि राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा विगत 30 अप्रैल 2025 को 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जारी किया गया था, जो शिक्षक समुदाय तथा विभिन्न शिक्षक संवर्गों की आपसी खींचतान और अपने संवर्ग के हितलाभ के लिए कानूनी विवादों में फंस गया है। प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत नियमित व्याख्याता, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला तथा व्याख्याता एल. बी. संवर्ग की प्राचार्य पद पर पदोन्नति को लेकर आपसी लड़ाई में प्राचार्य पदोन्नति का मामला उलझता नज़र आ रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग के टी संवर्ग में वर्ष 2013 के बाद से तथा ई संवर्ग में वर्ष 2016 के बाद से प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं की गई है। जिससे प्रदेश के 3500 से अधिक शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पूर्णकालिक प्राचार्य के पद रिक्त पड़े हैं।

राज्य शासन ने इस स्थिति को देखते हुए विगत 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति की प्रकिया पूर्ण कर 30 अप्रैल 2025 को प्राचार्य पदोन्नति की सूची जारी कर प्राचार्य के रिक्त पदों पर काउंसलिंग के द्वारा पदस्थापना किये जाने की कार्यवाही शुरू की थी। चूंकि विभिन्न शिक्षक संवर्ग से सम्बंधित नियमित व्याख्याता, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला तथा व्याख्याता एल.बी. संवर्ग के लोगों के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2019 को लेकर तथा अपने-अपने संवर्ग के हितलाभ को लेकर अपनी पदोन्नति विषयक कई याचिकाएं दायर की गई थी।

### 7 मई को होगी मामले पर सुनवाई

माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ बिलासपुर में जिनकी सुनवाई चल रही थी तथा माननीय हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ का प्राचार्य पदोन्नति की कई याचिकाओं पर अंतिम निर्णय नहीं आया था। राज्य शासन द्वारा प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जारी करने से माननीय हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ द्वारा प्राचार्य पदोन्नति के जारी आदेश में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई हैं। प्राचार्य पदोन्नति के मामले की सुनवाई 7 मई 2025 को होगी। इस बीच राज्य शासन द्वारा प्राचार्य पदोन्नति को लेकर माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ बिलासपुर में अपना जवाब प्रस्तुत कर शासन का पक्ष रखा जावेगा।

## पेज 11 के शेष

### तीन साल के...

शव को परिजनों को सौपा गया। मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। विवेचना के उपरांत ही स्पष्ट हो पाएगा।

### अज्ञात वाहन की...

करीबन 8 बजे जानकारी मिली कि कोटपारा व पेड़ावारी गांव के बीच राईस मिल मेन रोड़ के सामने मृतक रजमन सिंह को किसी अज्ञात वाहन के ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। ग्रामीणों ने देखा, उसकी मौत हो चुकी थी। शव को क्रुजर वाहन में लाकर सीएचसी भानुप्रतापपुर के शव गृह में रखा गया। अज्ञात वाहन चालक का कृत्य अपराध धारा 281,106 (1) बीएनएस का घटित करना पाए जाने पर मर्ग जांच उपरांत अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**गीदम।** देर शाम गीदम थाना क्षेत्र के हारम में बारसूर चौक के नजदीक हुए सड़क हादसे में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक अशोक ठाकुर पिता प्रेम सिंह निवासी कबाड़ी पारा समलूर किसी काम से गीदम गया हुआ था। देर शाम अंधड़ बारिश के दौरान लौटते समय किसी मवेशी या अज्ञात वाहन से टकराकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिला हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### टुल्लू पंप से अवैध पानी खिचने पर की जायेगी जब्ती

**बीजापुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमलो द्वारा ग्रीष्म ऋतु में जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की सतत व्यवस्था बनाये रखने के लिय ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। प्रायः देखा जा रहा है कि ग्रामों में पेयजल व्यवस्था हेतु स्थापित हैण्डपंप में बिना अनुमति के ग्रामीणों द्वारा सिंगल फेस पावर पंप या टुल्लू पंप स्थापित कर पेयजल का दुरूपयोग व अन्य कार्यों में उपयोग किया जा रहा है तथा जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण कर हर-घर जल प्रमाणीकरण ग्रामों में पेयजल हर घर उपलब्ध होने पर भी अवैध तरीके से पंप स्थापित कर ग्रामीणों द्वारा पेयजल का दुरुपयोग कर रहे है। ऐसा सभी अवैध स्थापित पंपों को विभाग द्वारा जब्ती कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### पानी की समस्या पर शासन-प्रशासन लापरवाह : बघेल



**घाटलोहंगा।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुशासन त्यौहार के तहत विभिन्न शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिनमें सबसे अधिक आवेदन पेयजल संकट को लेकर सामने आए हैं। यह दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल समस्या एक गंभीर और जमीनी हकीकत बन चुकी है। इस विषय पर विधायक लखेश्वर बघेल ने भी शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। बघेल का कहना है कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर सरकार गंभीर नहीं दिखाई दे रही। जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीणों की उम्मीदें टूटीं ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। पंचायत स्तर पर मौजूद हैंडपंपों की संख्या औसतन 10 से 15 होती है, लेकिन वर्तमान में अधिकांश हैंडपंप या तो सूख चुके हैं या उनमें पानी बहुत कम निकल रहा है। जल स्तर में गिरावट के बावजूद हैंडपंपों की मरम्मत और सुधार कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं।

### जनगणना में होगी सभी जातियों की पृथक गणना



**घाटलोहंगा।** वर्षों के लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद ओबीसी महासभा को मिली ऐतिहासिक सफलता। सरकार ने आगामी जनगणना में सभी जातियों की पृथक गणना करने का फैसला लिया है, जिसे ओबीसी वर्गों के लिए एक बड़ी जीत माना जा रहा है। ओबीसी महासभा बस्तर संभाग के अध्यक्ष दिनेश यादव ने इस निर्णय का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा, यह केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि करोड़ों ओबीसी वर्ग के लोगों की भावनाओं को सम्मान देने का कार्य है। हमारे वर्षों के आंदोलन और संघर्ष को आखिरकार मान्यता मिली है। उन्होंने यह भी मांग की कि ओबीसी वर्ग की जातियों की पृथक जातिगत गणना सुनिश्चित की जाए, जिससे नीतियों और योजनाओं में समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

## निधन

### विटोला देवी भदौरिया

**जगदलपुर।** लालबाग निवासी विटोला देवी भदौरिया का बीती रात निधन हो गया है। वह हुकुम सिंह भदौरिया की पत्नी एवं कुलदीप सिंह भदौरिया, राजेंद्र सिंह भदौरिया तथा अमर सिंह भदौरिया की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से सुबह 10.30 बजे मुक्तिधाम के लिए निकली,जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग, शहरवासी और अन्य लोग शामिल थे।

### ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान शिविरों का हुआ आगाज

# बालूद, छिंदनार, मैलावाड़ा, टेटम ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। दंतेवाड़ा**



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार राज्य में जनता की समस्याओं को समयबद्ध निराकरण करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गति लाने तथा जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी अभियान सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविरों का आज जिले में विधिवत आगाज हो गया। जिले के दंतेवाड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बालूद, मैलावाड़ा, गीदम अंतर्गत छिंदनार, और कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत टेटम में समाधान शिविरों की शुरुआत हुई। इन समाधान शिविरों में पूर्व में आवेदकों से प्राप्त उनके आवेदनों की स्थिति, उसके समाधान की जानकारी के साथ-साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं के तहत उन्हें लाभान्वित भी किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत बालूद में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे ग्रामीणों तक पहुँच रहा है। उन्होंने समाधान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान हो रहा है, जिससे आने वाले समय में जिला समस्याओं से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है।

विधायक ने कहा कि समाधान शिविर जैसे आयोजन उन ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जो किसी कारणवश जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते। शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की मांग, शिकायत और समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों में भाग लेकर विभागीय योजनाओं की जानकारी लें और उनका भरपूर लाभ उठाएं। विधायक ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि बोरवेल के अत्यधिक उपयोग से जल स्तर में गिरावट आई है, ऐसे में ग्राम पंचायतों के माध्यम से खेतों में परंपरागत कुएं खोदने का प्रस्ताव आना चाहिए। यह न केवल जल संरक्षण की दिशा में अहम कदम होगा, बल्कि सतत कृषि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। समाधान शिविर में ग्रामीणों की सहभागिता उत्साहजनक रही और बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं को रखा। अधिकांश मामलों का तत्काल निपटारा कर शेष समस्याओं को निर्धारित समय-सीमा में हल करने का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। इसके साथ ही विधायक ने शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। आज बालूद समाधान शिविर अन्तर्गत बालूद ग्राम पंचायत के अलावा चितालूर, टेकनार, बालपेट, पोन्दुम, जारम और मटेनार के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। यहा पूर्व में प्राप्त आवेदनों के अलावा ऐग्रीस्टॉक पंजीयन के तहत 4, आधार पंजीयन के तहत 17, पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने के 9, प्रकरण, वोटर कार्ड अपडेट के तहत 3 इस प्रकार कुल 27 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

# विधायक ने गंगादई माता मंदिर का किया लोकार्पण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बस्तर/भोंड**

बस्तर नगर पंचायत अंतर्गत नाईकगुड़ा पारा स्थित गंगादई माता मंदिर में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर के विकास कार्यों की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं से मुलाकात की और धार्मिक आयोजन में सहभागिता जताई।

गंगादई माता मंदिर का भव्य लोकार्पण समारोह विधायक लखेश्वर बघेल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बस्तर विधायक ने कहा कि मंदिर का लोकार्पण धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक समृद्धि और सामुदायिक एकता का प्रतीक हैं। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के विकास और परंपराओं को संजोने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं।

इस दौरान मौजूद रहे मंदिर प्रमुख पुजारी जोधपुर राम, फ़तेहसिंह परिहार, देवकी भद्रे, चंपा ठाकुर, गोपाल तिवारी, नरसिंह नागेश, भागरथी यादव, जितेंद्र पटेल, मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, मेघनाथ नेताम एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सरकारी चना की अफरा-तफरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बकावंड**



शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से गरीब परिवारों को प्रति राशन कार्ड पैकेट बंद दो किलोग्राम चना उपलब्ध कराया जाता रहा है। मगर बकावंड विकासखंड की राशन दुकानों में चना वितरण में गड़बड़ी की जानकारी मिली है। कुछ माह पहले यहां के गरीबों के हिस्से के चने को ओड़िशा के बेसन निर्माताओं के पास खापाए जाने का मामला उजागर हुआ था।

वर्ष 2024 के अंतिम चार माह के चने का आबंटन राशन दुकानों को नहीं हुआ था। इन चार माह का चना अब अप्रैल माह में आवंटित किया गया है। इस लिहाज से हर राशन कार्डधारी को चार माह के बकाया चार पैकेट चने के साथ मौजूदा माह का एक पैकेट मिलाकर कुल 8 पैकेट चना दिया जाना चाहिए, मगर राशन दुकानदार किसी को 1, किसी को 2 तो किसी को 3 पैकेट चना दे रहे हैं।

बकावंड ब्लॉक में कुल 95 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें हैं जानकारी के अनुसार केवल 3 पंचायतों की राशन दुकानों से शत प्रतिशत चने का वितरण किया गया है। बाकी 92 दुकानों में गड़बड़ी की जानकारी मिली है। मामले की शिकायत टलनार के उपभोक्ता बृजलाल सेठिया और नरसिंह पुजारी ने कलेक्टर से की है। शिकायत के मुताबिक ग्राम टलनार, करीतगांव चितालूर में ही चने का सही वितरण हुआ है।

**मामले की जांच होगी**

निर्धारित मात्रा में चने का वितरण न होने की जानकारी मुझे भी मिली है। कुछ तकनीकी कारण से ऐसा हुआ है। मामले की जांच की जाएगी।

-हेमंत कुमार,
फूड इंस्पेक्टर, बकावंड

# छात्राओं का सामूहिक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। किरंदुल**



मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के तत्वाधान में 3 मई को इंटक का 78 वां स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नगर परिवार के विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक प्रादेशिक एवं सेवाभावी संस्थाओं के विभिन्न व्यंजनों का स्टाल लगाकर आनंद मेला और यूनियन के सेवाभावी श्रमिक साथियों को सम्मान का कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर आमंत्रित अतिथियों के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ ही नगर के प्रकाश विद्यालय के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। यूनियन के परंपरा अनुसार समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर गांधी टोपी एवं तिरंगा गमछा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक के सचिव के द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया।

कार्यक्रम में मेटल माइन्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष एवं सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा यूनियन के कर्मठ कामगारों का सम्मान किया गया तथा इंटक परिवार के पारिवारिक सदस्य रीमा दिवाकर के एकल गीत एवं विभिन्न स्कूलों एवं इंटक परिवार के पारिवारिक सदस्य एवं अन्य शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यूनियन के आग्रह पर विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक, प्रादेशिक एवं विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं साहू समाज, नेपाली समाज, गायत्री परिवार, सिन्हा समाज, हल्बा समाज छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल, गोड़वाना समाज, तेलगु समाज, केरला समाज, बौद्ध समाज, यादव समाज, पटेल समाज, निषाद समाज, व्यापारी संघ, मुस्लिम समाज, क्रिश्चियन समाज, आदि लगभग 20 काउंटर के पदाधिकारियों एवं मातृ-शक्तियों, महिलाओं, बहनों के द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें अतिथियों एवं उपस्थित जनमानस ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

### अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने प्रचार-प्रसार की अपील

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार 2025 के संबंध में पत्रकार वार्ता ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन.प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार.2025 का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में कलेक्टर ने जिले के सभी पत्रकारों से समाधान शिविरों के ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने की अपील की। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधानए शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है।

# 3 दिवसीय मेला मड़ई का समापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गीदम**



नगर के तीन दिवसीय मेले का सोमवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर माईजी की डोली व ग्रामीण क्षेत्रों से आए देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें सम्मान पूर्वक विदा किया गया। इस दौरान नगर के हारम चौक तक नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा माईजी की डोली विदा किया गया। उसके पश्चात माईजी की डोली हारम चौक से मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान मेला मड़ई में आये पुजारी, सिरहा, गुनिया, गायता, पेरमा का उचित सम्मान भी किया गया।

# 4 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶। सुकमा**

सुशासन तिहार के तहत रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोटा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्लेसमेंट कैंप में कैपस्टोन फैसेलिटीज प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं हाउसकीपिंग पदों हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। कुल 25 अभ्यर्थियों ने इस अवसर पर हिस्सा लिया, जिनमें से चार अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

चयनित अभ्यर्थियों में सुशील कुमार, करको कमलेश, सोयम राम और सोयम तृप्ति शामिल हैं।

जिले में रोजगार के अवसरों को सुलभ कराने की दिशा में यह पहल युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक कदम साबित हो रही है।

# निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें: हरीश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। दरभा**



जनपद पंचायत दरभा के सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष मानक दई कश्यप के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जनपद पंचायत दरभा के उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप पीडी सदस्य सहित खण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में सभी विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के विभागीय गतिविधि के संबंध में जानकारी दिये। जनपद पंचायत अध्यक्ष मानक दई कश्यप ने अपने संबोधन खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने राज्य शासन की समस्त योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेंद्र बहादुर से अगामी बैठक में विभागवार कार्यों की जानकारी सभी जनपद सदस्यों को फोल्डर बनाकर बैठक के पूर्व देने हेतु सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनपद उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप ने कहा की शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले इस पर सभी अधिकारियों को विशेष रूप से प्राथमिकता देने की बात कही बैठक में ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, क्रेड़ा विभाग, वन विभाग, पीएमजीएसवाय विभाग, आदिम जाति विकास विभागों से मूलभूत सुविधाओं को लेकर गहन चर्चा की गई। सामान्य सभा की बैठक में ग्रीष्मकाल में सभी हैण्डपम्पों को मरम्मत कर सोखता गढ्ढा व मवेशियों के पेयजल हेतु पानी टंकी सभी ग्राम पंचायतों में बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जनपद पंचायत के सर्व विभाग प्रमुख अधिकारियों से सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का औपचारिक रूप से परिचय कराया गया।

इस दौरान संचालित केंद्रीय और राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की अघतन स्थिति की जानकारी उपस्थित सदस्यों को उपलब्ध कराई गई। इसके अंतर्गत विभिन्न विभाग योजना एवं कार्यक्रमों की संक्षेप में जानकारी दी गई। बैठक में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप पीडी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, दरभा वीरेंद्र बहादुर सर्व जनपद पंचायत सदस्य सहित अन्य विभाग खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपास्थित रहे।

# आरती को मिला बेडमिंटन किट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। सुकमा**



छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा आम जनता के समस्याओं एवं मांग के त्वरित निराकरण हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग को सुशासन तिहार में खेलकूद सामग्री की माँग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए थे। जिला प्रशासन सुकमा के द्वारा माँग आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए ग्राम पंचायत चिकपाल में खेल सामग्री का वितरण किया गया।

सुशासन तिहार के अंतर्गत चिकपाल के मोटुगुडा से रामा बेट्टी व सोमला राम को क्रिकेट तथा कैरम बोर्ड खेल सामग्री तथा कुहरामी आरती को बेडमिंटन सामग्री एवं केरलापाल और ग्राम पंचायत सिरसट्टी के युवाओ को कैरम बोर्ड सहित अन्य खेल सामग्री प्रदान किया गया है। सुशासन तिहार में खेल सामग्री पाकर युवा खिलाड़ियों में खुशी और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम मे जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक, जनपद सदस्य दशरथ नायक, सरपंच देशो मड़कामी और अन्य पंच गण उपस्थित थे।



## आयोजन: विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत बेवरती में लगा समाधान शिविर

# योजनाओं का वास्तविक लाभ लेने आमजन को जागरूक होने की जरुरत : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत बेवरती में समाधान शिविर का आयोजन में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक

■ आवास स्वीकृत होने पर जल्द से जल्द कराएं निर्माण

आशाराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। योजनाएं तो अनेक हैं, किन्तु उनका वास्तविक लाभ लेने के लिए आम जनता का जागरूक होना बेहद जरूरी है। बेवरती में 5 मई को आयोजित शिविर में विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि आम जनता की समस्याओं का निदान उनके गांव, घरों में जाकर किया जाए। पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए समाधान शिविरों का आयोजन आज से किया जा रहा है। उन्हांने उपस्थित ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने की



अपील की। इस अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि छूटे हुए पात्र लोगों को आवास का लाभ दिलानें के लिए आवास प्लस के तहत सर्वे कराने की बात कही। साथ ही जिन्हें आवास स्वीकृत हो चुका है, उन लोगों को जल्द से जल्द आवास निर्माण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता का परीक्षण राज्य स्तर पर किया जा रहा है। साथ ही पात्रतानुसार आवेदकां को मौके पर ही लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अन्य मंचस्थ अतिथियों ने भी सुशासन तिहार पर अपने विचार प्रकट



किए। इस अवसर पर मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### ग्रामीण आवेदकों को मिला योजनाओं का लाभ

बेवरती क्लस्टर में 950 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 799 का निराकरण किया गया, जबकि 151 आवेदन लंबित हैं। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा मौके पर ग्रामीणों को फौती नामांतरण, किसान किताब वितरित किया गया। बेवरती के सुकदेव राम साहू, मंजू यादव, राधेश्याम यादव, पुसवाड़ा निवासी अवघट को किसान किताब प्रदाय और बोरगांव निवासी परमेश कुंजाम का त्रुटि सुधार किया गया। 14 ग्रामीणों का आधार कार्ड का पंजीयन एवं अपडेशन किया गया। इनमें 04 का नवीन पंजीयन और 10 का आधार अपडेट किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 14 आवेदकों का लर्निंग ड्रायविंग लाइसेंस मौके पर बनाया गया। खाद्य विभाग द्वारा 15 आवेदकों का नवीन राशन कार्ड और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 44 ग्रामीणों को शिविर स्थल में मनरेगा जॉब कार्ड बांटे गए।

### गर्भवती महिलाओं को वितरित किया सुपोषण किट

समाधान शिविर बेवरती में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आठ गर्भवती महिलाओं को विधायक एवं अन्य अतिथियों के द्वारा सुपोषण किट भेंट किया गया, जिसमें रेडी टू ईट सहित विभिन्न पौष्टिक खाद्य सामग्री सम्मिलित थी। उनके द्वारा गर्भवती महिलाओं को मुनगा के पौधे भी वितरित किए गए तथा गर्भावस्था के दौरान बेहतर भोजन करने की सलाह दी गई।

## खबर संक्षेप



### बच्चों के लिए ग्रामीण स्तर पर समर कैंप लगा रहे स्वयंसेवक

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के शिक्षको के सहयोग से गांव स्तर पर बनाए हुए स्वयं सेवकों को पूरे विकासखंड के समस्त स्कूलों में प्राथमिक शालाओं के बच्चों को समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल में प्रशिक्षक राधिका नाग एवं प्रिया मंडावी के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिल्प कला क्राफ्ट एवं कढ़ाई, बुनाई, पढ़ाई, संगीत एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से दिया जा रहा है।

### 200 रुपए सोली में बिका बोड़ा

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में रविवार को ओडिसा से पहुंचा बोड़ा 200 रूपए सोली में बिक रहा है। बाजार में रविवार को शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददारों की भीड़ दिखी। खरीददारों के अनुसार नारायणपुर, केशकाल का बोड़ा का इंतजार है। बाजार में टमाटर 15, करेला 50, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, भिंडी 50, आलू 30, प्याज 25-30, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 10 जूड़ी बिक रहा है।

### हितग्राहियों ने सरकार को दिया धन्यवाद

**जगदलपुर।** निर्धन परिवार के लिए एक सुरक्षित आशियाना बनाना किसी सपने से कम नहीं है और सरकार की संवेदनशील पहल से करीब महीने भर में ही पक्के आवास निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो तो गरीब परिवार को सबसे बड़ी खुशी मिलती है। यह कहते हुए जगदलपुर ब्लॉक के तितिरगांव निवासी निर्मला पाण्डे, सुमित्रा और इंद्रा बताती हैं कि राज्य शासन के सुशासन तिहार अंतर्गत पहले चरण में ग्रामीण आवास के लिए आवेदन पत्र जमा किए थे जिसे अब स्वीकृति देकर गांव में आयोजित समाधान शिविर में विधायक श्री किरण देव के हाथों स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया है।

## धड़ल्ले से चल रहा अवैध लाल ईंट का कारोबार, जिम्मेदार है बेखबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखंड चारामा में नियमों को दरकिनार कर अवैध रूप से लाल ईंट निर्माण का कार्य लगातार जारी है। स्थानीय लोगों और मीडिया द्वारा पहले भी इस अवैध कारोबार की खबरें प्रकाशित की जा चुकी हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार कई स्थानों पर बिना किसी अनुमति और खनिज विभाग की गाइडलाइंस का पालन किए बिना ईंट भट्टे संचालित किए जा रहे हैं। ठेकेदार बाहर से मजदूर लाकर खेतों और बंजर भूमि पर लाल ईंट का निर्माण करवा रहे हैं।

■ नियमों को ताक पर रखकर चल रहे अवैध ईंट भट्टे

पर्यावरणीय मानकों का पालन नहीं हो रहा है और न ही भूमि उपयोग संबंधी नियमों का और इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरणीय असंतुलन भी बढ़ रहा है। खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन इन अवैध भट्टों पर उनका कोई असर नहीं दिखता। इस ओर खनिज विभाग संयुक्त रूप से जांच कर अवैध ईंट निर्माण पर रोक लगाएं ताकि नियमों का पालन हो सके।

## प्रबोधन कार्यक्रम कार्यशाला में शामिल हुए महापौर

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम छत्तीसगढ़ के 14 महापौर, सभापति एवं एमआईसी जनप्रतिनिधियों का प्रबोधन कार्यक्रम कार्यशाला रायपुर के एक होटल में सोमवार को किया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साव ने कहा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से तालाबों में स्वच्छता रहेगी। नगरीय निकायों द्वारा संपत्ति कर एवं यूजर चार्ज की वसूली में कमी दिखती है यह हमारे लिए चुनौती है। हमारे सामने सीवेज एवं जल निकासी, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संकट, पक्के आवास की कमी, नियमन एवं शहरीकरण, सड़क नेटवर्क यातायात, आपातकालीन प्रबंधन, हितग्राही मूलक सेवाओं



## जिले के विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय स्पर्धा में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला शतरंज संघ बस्तर द्वारा अंडर 9 अंडर 11 और अंडर 13 आयु में जिला बस्तर की टीम के चयन हेतु टूनार्मेंट आयोजित करवाया गया। जिसमें अंडर 9 में मानस तिवारी ने प्रथम जिदान चामड़िया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, अंडर 11 में स्वास्तिक सागर ने प्रथम और तराना सारथी दूसरे स्थान पर रही जबकि अंडर 13 में अलंकृता मोहराणा पहले स्थान पर रही और द्वितीय स्थान एम.निमिष नायडू ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि शैलेन्द्र यदु ने भविष्य में भी यथासंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया, विशेष अतिथि राजेश त्रिपाठी और अशोक तिवारी की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ। आर्बिटर के रूप में अयाज चामड़िया, राजेश जेना, अभिनव जेना, जयश्री शेंडे सहभागी रहे, सुकीर्ति तिवारी, मंजू सारथी, संगीता तिवारी , हितेश तिवारी, लोकेश पांडे ने टूनार्मेंट में सहयोग प्रदान किया।

## दरगहन, दुधावा, हाटकोंदल और ताड़ोकी क्लस्टर में आज लगेगा समाधान शिविर

**कांकेर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण का आयोजन 5 मई से शुरू हो गया है। तीसरा चरण 31 मई तक चलेगा। निर्धारित क्लस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर के दूसरे दिन आज 6 मई को विकासखंड चारामा के क्लस्टर दरगहन अंतर्गत ग्राम दरगहन, सिरसिदा, जैसाकर्रा, गोलकुम्हड़ा, बरगरी, बडेगौरी, चांवड़ी लिलेझर, खरथा और सराधुनवागांव, विकासखंड नरहरपुर के क्लस्टर दुधावा अंतर्गत मांडरादरहा, धनोरा, घोटियावाही, देवड़ोगर, शामतरा, सारवंड़ी, दुधावा, बिहावापारा, मुसुरपुट्टा, मावलीपारा, बासनवाही, मांडाभर्री, बांगाबारी, सांईमुण्डा, विकासखंड दुर्गूकोंदल तहसील के क्लस्टर हाटकोंदल अंतर्गत तराईघोटिया, कलंगपुरी, झिटकाटोला, भीरावाही, पर्रेकोड़ो, हाटकोंदल, सिवनी दमकसा, तरहुल और विकासखंड अंतागढ़ के क्लस्टर ताड़ोकी अंतर्गत ग्राम तालाबेड़ा, भैसगांव, फुलपड़, बैहासाल्हेभाट, कोलर, कोसरोण्डा, ताड़ोकी, बोन्दानार, मंगतासाल्हेभाट, सरण्डी, एडानार, आमागांव और कलेपरस शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को समाधान शिविरों में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई से ग्रामीणों को अवगत कराने और विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिलावासियों से अपील किया है कि उक्त समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य लें।

## कलार समाज ने प्री-वेडिंग शूट के साइड इफेक्ट व खर्चीली शादी पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

डड़सेना कलार समाज बस्तर संभाग का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कांकेर ब्लाक के ग्राम कोकपुर में हुआ। दूसरे दिन सामाजिक चर्चा में

■ कोकपुर में संपन्न हुआ डड़सेना कलार समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन

प्री वेडिंग शूट के नाम पर नए जोड़ियों द्वारा फोटो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में किए जा रहे वायरल के साइड इफेक्ट को लेकर समाज के बुद्धिजीवी लोगों ने चिंता जाहिर किया। उद्घाटन के बाद दूसरे सत्र में रात्रि में भोजन के बाद सामाजिक कार्यवाही शुरू हुई। जिसमें समाज के संभागीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम गजेन्द्र ने समाज के नाम संदेश वाचन किया। महामंत्री सोनीलाल जैन ने वार्षिक प्रतिवेदन, कोषाध्यक्ष देवकुमार जैन ने आय व्यय प्रस्तुत किया। सभा को समाज के संभागीय संरक्षक झाड़ूराम नेवेंद्र, पूर्व अध्यक्ष महेश जैन, उपाध्यक्ष सुलेंद्र नेगी ने भी संबोधित किया। इसके उपरांत खुली चर्चा शुरू हुई जिसमें इन दिनों प्री वेडिंग शूट के नाम पर नए जोड़ियों द्वारा फोटो



वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में किए जा रहे वायरल के साइड इफेक्ट को लेकर समाज के बुद्धिजीवी लोगों ने चिंता जाहिर किया, अधिवेशन में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में इसका विरोध किया। प्री वेडिंग के नाम पर जिस तरह से विवाह बंधन में बंधने के पूर्व युवक युवती करीब आते हैं और दोनों एक साथ घूमते हैं, शॉपिंग तक करते हैं इससे कई बार दोनों के बीच खटास भी होता है, जिसके कारण विवाह होने से पहले ही रिश्तों में दरारें आने लगती हैं। यह समाज की बुराई है। इसी तरह से शादियों में बढ़ रहे फिजूल खर्च को लेकर भी समाज के लोगों ने चिंता जाहिर किया। रात में ही खुली चर्चा के युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष योगेश सिन्हा ने बस्तर में ही बने एक और संगठन के संबंध में जानकारी मांगी। सभी ने एक स्वर में इसे गलत बताया और जिन कारणों से नया संगठन तैयार हुआ उसकी जानकारी लेकर आने वाले दिनों में इसका निराकरण करने पर जोर दिया गया। रात्रि में ही कुछ सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया गया। अगले दिन सुबह फिर से कार्यवाही शुरू हुई।

जिसमें सामाजिक प्रकरणों की सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। अंतिम पड़ाव में दसवीं-बारहवीं सहित अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले समाज के मेघावी बच्चों का सम्मान किया गया, जिसके बाद हाल ही में संपन्न हुए नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित होने वाले समाज के जन प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। कोंडागांव जिलाध्यक्ष नीलकंठ शार्दुल, बस्तर जिलाध्यक्ष श्याम दिवान, हेमलाल पाण्डेय, प्रेमा नागवंशी ने चर्चा में भाग लिया।

## 20 स्काउट गाइड शालेय विद्यार्थी ट्रैकिंग एडवेंचर में ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय स्काउटस गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के राज्य

■ 5 दिवसीय पर्वतारोहण और आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन

■ पचमढ़ी में साहसिक गतिविधियों के साथ ऐतिहासिक स्थलों का करेंगे भ्रमण

मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के दिशा निर्देश में स्कूल विभाग के अनुदान से राष्ट्रीय साहसिक संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ के स्काउट्स गाइड्स शालेय विद्यार्थियों के लिए पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन विशेष शिविर आज 6 मई से 10 मई तक पांच दिवसीय आयोजित किया जा रहा है। आयोजित होने वाले इस शिविर में विभिन्न साहसिक क्रियाकलापों में रोप वॉकिंग, ट्रैकिंग, पर्वतारोहण, रॉक क्लाइंबिंग, स्काई साइकलिंग, घुड़सवारी, तीरंदाजी, राइफल शूटिंग, पैरास्काइंग, नवकायन जैसी साहसिक गतिविधियों के साथ-साथ पचमढ़ी के विहंगम दृश्य, पांडवगुफा, बॉयसन म्यूजियम, चंपक झील, गुप्तेश्वर महादेव, बड़ा महादेव मंदिर, ईको पॉइंट, हांडी खोल, विविध पुरातात्विक पौराणिक महत्व के स्थान का भ्रमण की गतिविधियां भी शामिल होगी। शिविर में कांकेर जिले के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड शालेय विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। जिले के शाउमा विद्यालय लारगांव मरकाटोला, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर, शाउमावि बुंदेली, शाउमावि सिंगारभांट, शाउमावि लखनपुरी, शाउमावि तालाबेड़ा अंतागढ़, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के 19 स्काउट के साथ-साथ दल प्रभारी ममता नेताम दल प्रभारी सम्मिलित होंगी।

## जलाराम बापा मंदिर का हुआ 13वां वार्षिकोत्सव

**जगदलपुर।** जलाराम बापा मंदिर में रविवार को 13 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भारी संख्या में भक्तों ने मंदिर में पूजा अर्चना में भाग लिया। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने मिल-जुल कर इस भव्य उत्सव में भाग लिया और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों के साथ आम जनों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात को भजन संध्या का विशेष आयोजन हुआ, जिसमें भजन मंडलियों ने भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। यह वार्षिकोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक समरसता का भी उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया।

## मावली पारा में नवनिर्वाचित सरपंच ने ग्रहण किया पदभार

**बासनवाही।** नरहरपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मावलीपारा में नवनिर्वाचित सरपंच सियाराम कोसमा ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सरपंच सियाराम कोसमा ने पंचायत के विकास और ईमानदारी से जनता की सेवा करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के दौरान सरपंच ने शासन की योजनाओं को ईमानदारी से लागू



करने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व सरपंच माधुरी उइके, पूर्व उपसरपंच हनुमान प्रसाद पांडे, उपसरपंच रेखा साहू, पंच भीखम शोरी, सचिव स्मृति शर्मा एवं समस्त पंचगण उपस्थित रहे।

## दमकसा में कच्चे मार्ग के चौड़ीकरण की हो रही मांग



**दुर्गूकोंदल।** विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत दमकसा से कच्चे जाने वाली मुख्यमार्ग वयनर और इमली मोड़ बीच के पहाड़ी के पास सड़क बहुत खराब है, जिससे लोगों को आने जाने में बहुत परेशानी हो रही है। झिटकाटोला की सरपंच दुर्गा ध्रुव, भीरावही सरपंच हिरे सिह दरों, मोहन नेताम और अवध निर्मलकर ने बताया है कि अगर आगे से बड़ी गाड़ी आ जाती है, तो सामने वाले के लिए जगह ही नहीं बचता है। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत एवं चौड़ीकरण करने की मांग किया है, ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा हो सके।

## कांकेर जिला में अखण्ड ज्योति रथयात्रा, 31 दिन में 350 गांव का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला कांकेर में पिछले 31 दिनों से चल रही अखण्ड ज्योति कलश रथ यात्रा की बिदाई अन्नपूर्णा दीप महायज्ञ के माध्यम से हुई। हरिद्वार से रथयात्रा अपने अगले पड़ाव जगदलपुर के लिए रवाना हुई। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार में 1926 से प्रज्वलित अखण्ड ज्योति स्थापना को 2026 में 100 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस अवसर पर अखण्ड ज्योति

■ हरिद्वार से जगदलपुर के लिए रवाना हुई अखण्ड ज्योति कलश रथ यात्रा

■ अखण्ड ज्योति को प्रचण्ड ज्योति बनाने के संकल्प के साथ रथयात्रा को दी बिदाई



शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। जिला युवा समन्वयक डॉ. अशोक कुमार नाग ने बताया कि गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने उपासना के समय इस दीपक में गुरु हिमालयवासी अशरीरधारी स्वामी सर्वेश्वरानंद के निर्देश से अखंड दीप प्रज्वलित किया, इसके सामने 24 वर्षों तक 24 लाख के 24 महापुरश्चरण संपन्न किए गए। 1 926 में ही श्रीराम शर्मा आचार्य की धर्म पत्नी भगवती देवी शर्मा का भी जन्म हुआ। 99 वर्षों से सतत प्रज्वलित अखण्ड दीपक आज करोड़ों लोगों के लिए आस्था,प्रेरणा, प्रकाश एवं शक्ति का स्त्रोत बन गया है। तीन विशेष घटनाओं के साक्षी अखंड दीप को प्रचण्ड दीप बनाने गायत्री महाविज्ञान की ऊर्जा को जन-जन तक, घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से अखण्ड ज्योति कलश रथ यात्राएं निकाली जा रही हैं। 200 रुपए की कुल जमा पूंजी से प्रारंभ हुआ गायत्री परिवार आज विश्व के 80 देशों, 5200 से ज्यादा केन्द्रों,15 करोड़ से ज्यादा गायत्री परिजनों में बदल चुका है।

### 350 गांव का किया भ्रमण

जिले में रथयात्रा ने अपने 31 दिन के प्रवास के दौरान 07 विकासखंड के 350 ग्राम का भ्रमण किया गया, 13000दर्शनार्थियों ने इसका दर्शन लाभ लिया, 07स्थान पर सभा का आयोजन हुआ।30 स्थानों पर दीप महायज्ञ 20 ग्राम में कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुए 05 स्थानों में वीडियो संदेश का प्रदर्शन किया गया 26 सामूहिक सतसंकल्प के पाठ हुए। यात्रा के दौरान गायत्री परिवार द्वारा समाजसेवी संगठनों, लोकसेवियों, जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया। रथ यात्रा में 2 सदस्यीय दल में रविशंकर सोना एवं पल्लीराम मरकाम रहे एवं समस्त ब्लाक के गायत्री परिजनों ने इसमें भागीदारी निभाई।

### लोगों में खासा उत्साह

छत्तीसगढ़ में तीन रथ संचालित है। पहला दुर्ग संभाग, दूसरा बिलासपुर और तीसरा बस्तर संभाग। बस्तर संभाग में यह यात्रा कोण्डागांव एवं नारायणपुर से होकर 3 अप्रैल को कांकेर जिले अंतागढ़ ब्लाक से प्रवेश किया और अब जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। रथ के जिला प्रभारी शिव प्रसाद कोर्राम ने बताया कि गांव एवं शहर के हर गली पारा,मोहल्ले में रथ यात्रा को लेकर लोगों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं सभी आरती की थाल, में पूजन सामग्री लेकर श्रद्धा के साथ प्रणाम करते थे। दिन में दर्शन,सभा और यज्ञ के कार्यक्रम आयोजित होते थे, वहीं हर संध्या को दीप दानकर अपने परिवार, गांव समाज राष्ट्र एवं विश्व कल्याण हित प्रार्थना की जाती थी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई , 04 जून , 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411